ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

# राज्यपाल ने लक्षद्वीप के प्रशासक और पूर्व आई॰बी॰ चीफ श्री दिनेश्वर शर्मा के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 दिसम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने लक्षद्वीप के प्रशासक एवं पूर्व आई॰बी॰ चीफ श्री दिनेश्वर शर्मा के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि स्व॰ दिनेश्वर शर्मा एक संवेदनशील प्रशासक और समर्पित अधिकारी थे, जिन्होंने आतंकवादी एवं उग्रवादी गतिविधियों पर कठोर नियंत्रण पाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये। वे भारतमाता के सच्चे सपूत थे, जिनके निधन से सामाजिक–राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

..............................................